जब मैं प्रार्थना करती हूँ कि पिता मैं तेरे पास यीशु मसीह के नाम में आती हूँ और विश्वास से यीशु मसीह के लहू को अपने जीवन पर लगाती हूँ मैं चाहती हूँ कि आप मेरे सब गुनाहों को माफ कर दें। और मै उस नाम से आती हूँ जो हर नामों से ऊपर है। मैं अपने पिता को हर वो चीज़ जो उसके पुत्र

यीशु मसीह का है प्रस्तुत करती हूँ। मैं उसे याद दिलाती हूँ जो त्याग उसने मेरे लिये किया। वह इस संसार में एक बार सबके लिए आया। जिस से पाप की सामर्थ्य को हम से अलग कर दे। यह उस ने अपने बलिदान के द्वारा किया।

इब्रानियों ६:२३

हमारे लिये क्रूस पर मरा और फिर तीसरे दिन जी उठा।

मैं यीशु मसीह में अपने विश्वास को घोषित करती हूं ताकि मेरे पाप हमेशा के लिये चित पर ही न हो। जब मैं किसी आराधना में सेवा करती हूं मैं आशा करती हूं कि सामर्थ्य भरे कार्यो को होते देखूं। मैं अपने नाम के या इज़्जत पाने के लिये नहीं कर रही हूं।

मेरा कार्य सिर्फ इतना है कि विश्वास में खडे होकर उसके नाम को बोलना, मेरा कार्य है कि लोगों के लिये प्रार्थना करना और परमेश्वर पर उसके परिणाम को छोड़ देना। मैं चाहती हूं कि उसका नाम फैलाया जायें और उठाया जायें। मैं चाहती हूं कि लोग ये जाने कि प्रभु यीशु के नाम में कितनी सामर्थ्य हैं।

"अपने तरह से प्रार्थना करो अपने सारे दिन में"

पतरस और यूहन्ना संध्या को तीन बजे प्रार्थना के समय मंदिर में जा रहे थे। और लोग एक मनुष्य को जो जन्म से लंगड़ा था ले जा रहे थे, जिसे वे प्रतिदिन मंदिर के उस फाटक पर जो "सुन्दर" कहलाता है बैठा दिया करते थे कि वह मंदिर में प्रवेश करने वालों से भिक्षा मांगे। तब पतरस ने यूहन्ना के साथ उसे एक टक देखकर कहा, "हमारी ओर देख।" वह कुछ पाने कि आशा से उनकी ओर देखने लगा। तब पतरस ने कहा, "मेरे पास चांदी और सोना तो

नहीं है, परन्तु जो मेरे पास है वह तुझे देता हूं - यीशु मसीह नासरी के नाम से चल-फिर"।

प्रेरितों के काम ३:१-६

यदि हम यीशु मसीह के नाम में लोगों के लिये और अधिक प्रार्थना करें बजाये उनको जांचने के, तब हम उनके और अपने जीवन में और अधिक परिवर्तन देखेंगे क्योंकि लोगों को जांचने और उनकी बुराईयों को निकालने से अच्छा उनके लिये प्रार्थना करने में समय लगायें। मैं आपको एक उदाहरण देती हूं, मान लीजिये हम एक जवान व्यक्ति को सड़क पर जाता हुआ देख रहें है क्योंकि वो लडखडा रहा है तो हम अनुमान लगा सकते है कि वह नशा किये है या शाराब पिये है क्योंकि वह गन्दा और मैला कुचला है हम ये अनुमान कर सकते है कि उसके पास रहने के लिये घर भी नही हैं। कितनी बार हम एक ऐसे व्यक्ति को देखकर अपने आप से कहते है कि कितनी शर्म कि बात है कि कोई अपना जीवन इस प्रकार नष्ट करे इतना भयानक तरीका है जीने का मुझे विश्वास ही नही होता कि लोग किस तरह से इस दैन्य स्थिति में अपने आप को पहुंचा लेते है। जब कि उससे कहीं कम समय और ताकत यह कहने में लगती है कि पिता प्रभु यीशु मसीह के नाम उस व्यक्ति के लिये प्रार्थना करती हूं, मैं उस जवान के लिये प्रार्थना करती हूं कि उसके दुखो की परिस्थितियों मे से छुटकारा मिलें उसके जीवन में निपुण व श्रमशील रास्ते बने ताकि वो लोगों की सुनने और लोग उससे अच्छे शब्दों द्वारा बात कर सकें। परमेश्वर तेरा धन्यवाद हो कि इसी समय से उसके जीवन में कार्य होने लगे और वो फिर कभी भी भटके न।

जिस प्रकार पतरस और यूहन्ना ने कहा है कि हमें अपनी प्रार्थना को अपने तरीके से दिन भर में करना चाहिये और हमें अपनी उन बातों से छुटकारा

पाना है कि प्रार्थना सिर्फ एक शारीरिक आसन के रुप में या फिर घर के एक मुख्य स्थान में या चर्च में हो। ये सोचते हुये कि हमें जरुरत है एक व्याख्यान निपुण होकर या सार्थक शब्दों को विचारते हुए परमेश्वर के आगे आना है और फिर हम अपने विचारों को मज़बूत कर लेते है कि उस की हुयी प्रार्थना पर ज़रुर जय पा लेंगे और परमेश्वर हमारी प्रार्थनाओं को ज़रूर सुनेगा।

प्रार्थना सिर्फ परमेश्वर से बात करना है और हम ये प्रतिदिन कर सकते हैं, और पूरे दिन भी। पतरस और यूहन्ना के समान। हमें प्रभू यीशु के नाम में प्रार्थना करने की ज़रुरत है- उसके नाम में विश्वास के साथ। उसके नाम में प्रार्थना करना हमारे लिए एक विरासत, (जैसे परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियों को) प्रभु यीशु के लहु के द्वारा एक अधिकार से प्राप्त है। यीशु मसीह के लहु में सामर्थ्य है जैसे कि उसके नाम में सामर्थ्य है।

"उसके लहु में सामर्थ्य हैं"

क्योंकि यदि अशुद्ध लोगों पर बकरों और बैलों का लहु तथा कलोर की राख का छिड़का जाना देह की अशुद्धता के लिए पवित्र करता है। तो मसीह का लहु जिसने अपने आप को सनातन आत्मा द्वारा परमेश्वर के सम्मुख निर्दोष चढ़ा दिया तुम्हारे विवेक को मरे हुए कामों से और भी अधिक क्यों न शुद्ध करेगा कि तुम जीवित परमेश्वर की सेवा करो ?

इब्रानियों ६:१३,१४

मुझे पंसद आता है गीत गाना और बात करना उस यीशु के नाम के विषय और उसके लहु के विषय। क्योंकि मैं दृढ़ता से विश्वास करती हूं कि यदि हम ऐसा करते हैं इमानदारी से, तो शैतान ज़रुर भागेगा। यदि हम एक

आश्यर्चकर्मो का वातावरण स्थापित करना चाहते हैं तो प्रार्थनायें शुरु कर दें। गीत गाना, प्रचार करना और यीशु मसीह के लहु को और उसके नाम को ऊँचा उठाना शुरु कर दें।

उसके लहु में इतनी सामर्थ्य है कि वो जीवन भर के पापों को धो डाले। सीखें उस परमेश्वर की सामर्थ्य को इस्तेमाल करना आपके लिए उपलब्ध है और उसके नाम को अपनी प्रार्थनाओं में और उसकी बड़ाई में इस्तेमाल करें न कि व्यर्थ में। सोचे हमारे पास क्या है। हमारे पास यीशु का नाम और लहू है। लहू हमें पूर्णतया हमारे पापों से शुद्ध करता है। हमारे पाप ऐसे साफ हो जाते है जैसे हम ने कभी पाप किया ही नहीं (१ यूहन्ना १:७) स्वर्ग और पृथ्वी की सारी सामर्थ्य यीशु के नाम में है और वह नाम हमें दिया गया है अब हम यीशु के लहू से धुल चूके हैं और अब हमें अगे बढ़ना है। उस निश्चयता के साथ कि जो हम यीशु के नाम से मांगते या बोलते है उस ने प्रतीज्ञा की है कि वह हमें देगा। क्योंकि उस के नाम में सामर्थ्य है, जैसे कि जो वह है वह हम प्रस्तुत करते है। अपने जीवन को सामर्थ्य हीन न बिताये परमेश्वर की सामर्थ्य प्रयोग करना सीखें। जो आप की उस के नाम के द्वारा प्रार्थना और प्रशंसा कर के प्राप्त हो सकता है - जो बेकार नही है।

“उसके नाम को व्यर्थ में न लेना”

उसके नाम को व्यर्थ में न लेना

तू अपने परमेश्वर यहोवा का नाम व्यर्थ न लेना क्योंकि जो यहोवा का नाम व्यर्थ लेता है, उसको यहोवा दण्ड दिये बिना नहीं छोड़ेगा।

निर्गमन २०:७

तुम्हें परमेश्वर अपने प्रभु के नाम को व्यर्थ में इस्तेमाल नहीं करना चाहिए न ही दोहराना चाहिए (यह कि हल्की तरह न हंसी में, न तो गलत रीति से उसके नाम की कसम खाना और न दूषित करना)

क्योंकि जो यहोवा का नाम व्यर्थ में ले उसको निर्दोष न ठहराया जायेगा। कई साल पहले मैंने इस विषय का प्रकाश पाया कि हमें व्यर्थ में परमेश्वर का नाम नहीं लेना चाहिए। उसी समय से मैंने हमेशा यह विचार किया कि परमेश्वर का नाम लेना उस प्रकार से है जैसे परमेश्वर के नाम को किसी शापित शब्द के साथ टोक देना या फिर किसी और दोषपूर्ण तरीके से इस्तेमाल करना, पर जब मैंने इस पद को पढ़ा जो बताती है जो हंसी में हल्के रुप में उसके नाम का इस्तेमाल करते हैं तो प्रभु उन्हें कभी भी निर्दोष नहीं ठहरायेगा। तब परमेश्वर ने मुझे दिखाया कि कई बार हम व्यर्थ इस्तेमाल करते है।

हम "परमेश्वर" शब्द को कई प्रकार से इस्तेमाल करते है।

"सकारात्मक और नकारात्मक को मिलाना"

क्या सोते के एक मुंह से मीठा और खारा जल निकलता है ?

याकूब ६:११

मैं एक कारण से विश्वास करती हूं कि हम सामर्थ्य को क्यों नहीं उतरते देख पाते उस परमेश्वर के नाम में क्योंकि हम अपने प्रचार में सकारात्मक और नकारात्मक को मिला देते है। जब हम ऐसा करते है तब उसका परिणाम शून्य हो जाता है।

जब हम बन्धनों को तोड़ना चाहते है तब हम परमेश्वर के नाम को सकारात्मक रुप में नहीं लेते। मुड़कर चारों तरफ उसके नाम को नकारात्मक रुप से लेते हुए और ये समझते हुए कि अभी भी उसकी सामर्थ्य आपके पास है।

उन स्थितियों परमेश्वर ने मुझसे बोला (न तो उस सुनने वाली आवाज़ के द्वारा पर मेरी आत्मा के द्वारा), उसने कहा - "कि कुछ लोग कहीं पर भी नहीं पहुंच पाते क्योंकि कुछ दिन वो नकारात्मक रहते हैं तो कुछ दिन उसी वस्तु के लिए सकारात्मक हो जाते हैं। जब हम प्रार्थना करते है उन शब्दों से उन पक्तियों को स्वीकारते हैं। तब फरिश्ते हमारे लिए उस कार्य को करते है।" (देखें भजन संहिता १०३:२० और इब्रानियों १-१४)

जब लोग ऐसी कुछ चीजें बोलते, "ओह मेरे प्रभु मैं कितनी थक गई," वो प्रार्थना नहीं करते वे सिर्फ अपनी इच्छा को एक मुहावरे के रुप में दर्शाते हैं। अब अच्छा है कहना, "ओह मेरे प्रभु मैं कितना थक गई हूं।"

जब हम सच्चाई से अपने हृदय को प्रभु कि ओर उठाते है सत्यवादी कि तरह उस स्थिति में रहते हुये, पर कई समय हम ऐसे नहीं करते होते। बिना उसके सोचे विचारे हम परमेश्वर के नाम को बल्कि इस तरह से या मज़ाक के तौर पर लेते हैं, हमने जैसा कि देखा है कि परमेश्वर ने अपने शब्दों में साफ किया है कि जो कोई ऐसा करता है वह निर्दोष न ठहराया जायेगा इस कारण हमें सचेत रहना है इस बात के लिये कि हम उसके नाम को कैसे इस्तेमाल करते है।

जहां कहीं मैं जाती हूं मैं सुनती हूं, विश्वासियों से, इस प्रकार कहते हुये "ओह। प्रभु" या प्रिय परमेश्वर जबकी वो उसको नही सम्बोधित करते है। उस प्रकार से प्रभु के नाम को लेना उनकी एक आदत बन चुकी है।

इस कथन को कहना उनकी एक आदत बन चुकी है जैसे - "परमेश्वर आज कितनी गरमी हैं।" मेरे परमेश्वर सब्ज़ियों के दाम कितने बढ़ गये है। "परमेश्वर आज कितनी ठड़ है, अच्छे प्रभु मैं कितनी भूखी हूं और शायद मरने वाली हूं।"

जब मैं प्रचारको के साथ होती हूं तब भी मैं इन भाषाओं को सुनती हूं, आराधना करने वालों से, अगुवों और धर्मप्रचारकों से और आदि।

सच कहा जाये तो मैं ये इतना सुनती हूं कि कोई समय ही नही होता कि मैं उनको सुधारु पर वो हमेशा करते है पर यह मुझे दुःख पहुचाता है मुझे पता है कि वे अपने आप को नुकसान पहुंचाते है जब वे ऐसा करते है।

प्रभु ने मुझे दिखाया कि बहुत से लोग जो मसीह का बदन है उन्हें इस क्षेत्र में एक नाटकीय रुप में बदलने की आवश्यकता है।

"उसके नाम का आदर"

अतःजब हमें ऐसा राज्य मिलने पर है जो अटल है तो आओ, हम कृतज्ञ होकर आदर और भय सहित परमेश्वर की ऐसी उपासना करें जो उसे ग्रहणयोग्य हो,

इब्रानियों १२:२८

मैं ऐसे कार्यक्रम या पिक्चर को टेलीविज़न पर देखना पंसद नही करती जिसमें प्रभु का नाम व्यर्थ में लिया जाता हो। ये मायने नही रखता कि कौन सा कार्यक्रम है और कितना मैं और मेरा परिवार उसको देखना चाहता हो, यदि उसमें प्रभु का नाम व्यर्थ ने लिया जाता है। तो उसको बन्द कर दिया जाता है।

क्यों ? क्योंकि वो आदर के योग्य नहीं होते। मैं प्रभु से इतना अधिक प्रेम करती हूं बजाये किसी और का नाम प्रयोग करने के सिर्फ उसने मेरे लिये बहुत किया। मैं सच्चाई से विश्वास करती हूं कि यदि हम चाहते है कि परमेश्वर का नाम हमारे जीवन में उडेला जाये जब हमें उसकी आवश्याकता हो, तब हम उस नाम को आदर दें बाकी के समय में हम में से बहुतो के पास आज ये उपाय नही है जो आदर परमेश्वर के नाम के लिये पुराने नियम के लोगों के पास था।

उसके लिए उनमें ऐसा आदरपूर्ण भय था कि वो उसे बोलते तक नहीं थे। कई बार सिर्फ "उसके नाम" से ही सम्बोधित करते थे क्योंकि उन्हें उस सामर्थ्य के विषय पता था जो उसके नाम में थी। दाऊद पुराने वाचा से सहमत रहता था जब उसने गोलियत से सामना किया था, पलिश्ती उस के सक्षम दानव से (इस्त्रालियों का दुश्मन) जिसने अपने परमेश्वर से श्राप दिलवाया और धमकी दिलवायी कि वह उसका..... मांस आकाश के पक्षियों और मैदान के वन - पशुओं को दूंगा।

(१शैमूएल १८:४३-४४)

दाऊद बड़ी दुविधा की स्थिति में पड़ गया परन्तु उसने अपने दुश्मनों को यह धमकी देते हुए घोषित किया,

तब दाऊद ने पलिश्ती से कहा, "तू तो मेरे पास तलवार, भाला और बर्छी लेकर आया है, परन्तु में सेनाओं के यहोवा, इस्त्राएल की सेना के परमेश्वर के नाम से तेरे पास आया हूं जिसको तू ने ललकारा है"

(१ शैमूएल १७:४५)

तब दाऊद ने कहा, "तेरा सिर तेरे धड से अगल कर दूंगा।"

(पद ४३)

जब दाऊद उस सक्षम दानव से युद्ध करने के लिये बाहर आया, उसने कुछ नहीं किया सिवाय गोफन के और प्रभु के नाम के। पर वह कहीं अधिक सामर्थी था अपने उस पीतल के बने उस गोफन से दुश्मन को परास्त करने के लिये। और यही हमें और आप को भी करना है उस विरोधी आत्मिक दुश्मन को मारने के लिये तो है शैतान । हमें उन आत्मिक हथियारों का प्रयोग करना है, और जैसा कि हमने देखा है, उनमें से एक हथियार है उसका नाम, अन्धकार को बेधने वाले उस यीशु का नाम।

"समस्याओं के समय आत्मा की सहायता लें"

क्योंकि हमारा यह मल्लयुद्ध मांस और लहु से नहीं वरन प्रधानों, अधिकारियों, अन्धकार की सांसारिक शक्तियों तथा दुष्टता की उन आत्मिक सेनाओं से है जो आकाश में है।

इफिसियों ६:१२

जब कोई हमें क्रोधित करता या निराश करता, ये कुछ अच्छा नहीं कि किसी को भी व्यक्तिगत रुप से जांचे या दोष लगायें परन्तु प्रभु यीशु मसीह के नाम से उससे व्यवहार करना है और उस आत्मा से जो उसके पीछे है और उसके

द्वारा कार्य करती है। कई बार ऐसे समय जैसे गोल्फ के मैदान पर। जब मैं लोगों के बीच में होती हूं तो सदैव मैने उन्हे कोसते हुए पाया उस समय मैंने सीखा, कहती हूं यीशु के नाम में कोसने वाली दुष्ट आत्मा मैं तुझ पर यीशु के नाम मे अधिकार लेती हूं तू अपने मुहं को बन्द कर। मैं दिन भर यह सुनना नहीं चाहती। एक दूसरे समय में सुनती लोगों को दोष लगाते हुऐ बड़बड़ाते हुये, कुड़कुड़ाते हुये और कमिया ढूँढ़ते हुये - और उनके साथ मुझे पूरा दिन व्यतीत करना पडता। पिता मैं इस दैव्य आत्मा पर अधिकार लेती हूं और यीशु मसीह के नाम में इसको बान्धती हूं, और मैं इसे दिन भर सुनाना नहीं चाहती।

(देखें मत्ती १८:१८) कई बार लोग मुझसे पूछते क्या आपकी हर बार तुरन्त उत्तर मिल जाता है ? मेरा उत्तर होता है, नहीं। लोगों के पास अपनी एक इच्छा है और वह मेरी प्रार्थनाओं का इन्कार करते हुये उसको दौहराह सकते है लेकिन मैं अपने खुद के जीवन में ये सीख रही हूं इससे पहले कि कोई दूसरा कार्य करें पहले प्रार्थना करें। प्रार्थना करना एक साकारात्मक शाक्ति है। समस्याओं को सुलझाने की। यदि मुझे किसी व्यक्ति विशेष से सीधे कहने की आवश्यकता है तो मैं जरुर कहुंगी परन्तु मैं हमेशा यह चाहूंगी कि इस प्रकार कि परिस्थितियों को पवित्रआत्मा ही अगुवाई करें। मुख्य बात यह है कि हमें ज्यादा प्रार्थना करने की आवश्यकता है। उन लोगों के लिये जिनसे हम प्रतिदिन मिलते जुलते है। हमें ये याद रखने की आवश्यकता है कि प्रभु यीशु के नाम में सामर्थ्य है।

"यह नाम कोई मजाक नहीं"

और न निर्लज्जता, न मूढ़ता की बातचीत की, न ठट्ठे की क्योंकि ये बातें सोहती नहीं, वरन धन्यवाद ही सुना जाए।

इफिसियों ५:४

दूसरी चीज जिसको मैंने आदत डाली जिसके लिए परमेश्वर ने मुझे सज़ा दी, वह था इसके नाम का व्यर्थ में इस्तेमाल करना था मूर्खतापूर्ण बातों में इस्तेमाल करना। उदाहरण के तौर पर एक रात हमारा पुत्र ठीक खाने के वक्त आया मैनें बहुत स्वादिष्ट भोजन मेज़ पर सजाया हुआ था और वह सिर्फ बोलता जा रहा था। कई विषय के ऊपर जिसमें में पङना नही चाहती हुं। जब मैंने देखा कि उसे जाने कि जल्दी नहीं तब मैंने हंसी में उससे कहा यीशु के नाम में दूर हो जा जैसे ही मैनें ऐसा किया मेरे अन्दर भारी दोषानुभूति उत्पन्न हो गयी क्योंकि परमेश्वर मुझे इसी क्षेत्र में सिखा रहा था। मैं ऐसे ही लोगों को बहुत बार कहते सुनती हूं परन्तु हमें सावधान रहने की आवश्यकता है कि हम उसके नाम को मजाक में न प्रयोग करें। मैं एक बार एक सामर्थी मसीही मध्यस्थता की प्रार्थना करने वाले के साथ दिन का भोजन करने गई, जो हमेशा वचन को बाँटता मैने उसे एक घंटे में पांच बार प्रभु के नाम को व्यर्थ में लेते सुना (हल्के पन से और बेवकूफी तौर से) बहुत बार विश्वासी ऐसा करते है बिना ये महसूस किये कि वो क्या कर रहें है। जब आप परमेश्वर के नाम का प्रयोग करते है तो इस बात का यकीन रखें कि आप विश्वासयोग्य है यदि आप बुरी आदतों की वजह से गलती करते है। यदि आप अपने आप को गलत रीति से उस नाम का प्रयोग करते और सुनते है तो उसी समय रुकिये और पश्चाताप कीजिए। परमेश्वर से कहिये कि वो आपको क्षमा कर दें उसके नाम को व्यर्थ मे लेने के लिये। परन्तु इन बातों को महसूस कीजिए। कि आप अपने आप को चोंट पहुंचा रहें है उसके नाम का गलत रीति से प्रयोग करके। यदि आप चाहते है कि उसके नाम की सामर्थ्य आप के जीवन पर उडेली जाये जब आप को आवश्यकता हो, तब आपको बाकी के समय में उसके नाम को आदर देना होगा।

सामर्थ्य उसी क्षण आपके लिये उपलब्ध हो जाती है जब आप विश्वास करके उसका नाम पुकारते हैं सामर्थ्य उन सारी शैतानी शक्ति और उसकी सेना के खिलाफ में इस्तेमाल में लाने के लिये, सामर्थ हमारी सहायता के लिये, सामर्थ्य दूसरों को आशीष देने के लिये। मैं उस रिसने वाली सामर्थ्य की बात नहीं कर रही परन्तु वो महान धारा से बहने वाली परमेश्वर को उतारकर हमारे मध्य कब्जा कर सकती है। इसकी एक ही कुंजी है उस सामर्थ्य की वो है उस तेजस्वी नाम को बोलना - "यीशु" आदर और सम्मान के साथ।

“आदर और सम्मान”

"आदर और सम्मान"

उसके नाम का अमतमदबम। दक त्मचमबज थ्वत जीम छंउम.

"परन्तु जिसे छली के झुण्ड में नर पशु हो और वह जिसकी मन्नत मानकर भी दोषापूर्ण पशु की बलि प्रभु के लिये चढ़ाए, वह शापित हो। क्योंकि मैं तो महाराजा हूं, सेनाओं के यहोवा की यही वाणी है, और मेरा गम अन्य जातियों में भय योग्य हैं।"

मलाकी १:१४

अब जब आप इस पुस्तक के बिन्दु तक पहुंच चुके है, मैं यकीन करती हूं कि आपने ये अनुभव किया होगा कि प्रभु यीशु का नाम उन सब साधारण नामों से उत्तम हैं। इस पद में प्रभु यीशु ने खुद सचेत किया है कि उसके नाम को आदरपूर्ण भय से लें।

इस शब्द "भय" के मायने यहां दिखाया गया है कि आदर, भरा भरोसा प्रेम और आज्ञाकारिता से उसकी तरफ हो, यहोवा का भय मानना बुद्धि का प्रारम्भ है मूर्ख ही बुद्धि तथा शिक्षा को तुच्छ समझते हैं।

नीति वचन १:७

हमें बाताया गया है यदि आप सच्चाई को जानना चाहते है मैं सोचती हूं आज बहुत से मसीहियों ने अपने सम्मान को दुसरी चीजों में खो दिया है।

जब हम यह सीखते है कि प्रभु हमारा मित्र है तब हम बहुत ही आरामदायक रिश्तों में उसके करीब आ जाते है। पर कई बार वो मेरे हृदय से बात करता है कि हमें खबरदार होना है कि वो "कोई ऐसा जन है" और ये

सोचते हुये सिर्फ "कोई" है सिवाये जाने हुये कि वो महान और आदर के योग्य है।

"आदर उत्तेजित करता है आज्ञाकारिता को"

हे बालकों प्रभु में अपने माता पिता की आज्ञा मानों, क्योंकि यह उचित है। अपने माता पिता का आदर कर - यह पहली आज्ञा है जिसके साथ प्रतिज्ञा भी है।

इफिसियों ६:१-२

मैं विश्वास करती हूं यदि हम आदर प्रगट करने वाले हो जायें तो हम और अधिक आज्ञाकारी हो जायेगें। जब बच्चे आदरपूर्ण और आदर प्रगट करने वाले होने वाले हो जाते है अपने माता के प्रति तो वे उन्हें बहस नहीं करते और न उनका विरोध करते है।

मैं इस निष्कर्ष पर विश्वास करती हूं कि क्यों बहुत से बच्चे अपने माता पिता का आदर सम्मान नही करते जैसा उन्हें करना चाहिये क्योंकि उन माता और पिताओं ने तो आदर सम्मान उन आत्मिक चीजों के प्रति और आत्मिक अगुवों के प्रति खो दिया हैं, और अपने अधिकारों को बेकार की बातों में लगा दिया है और इस प्रकार वो आदर और सम्मान बच्चों और माताओं - पिताओं के बीच से खत्म हो गयी है और इसलिये वे विद्रोह करते और बहस करते हैं। यदि माता पिता खुल कर अपने साथ काम करने वालों का निरादर करते है तो वह अपने बच्चों को निरादर करने की गलत शिक्षा देते है।

यह बहुत ही साधारण सी बात है यदि आप देखें किसी भी स्थान जैसे दुकान पर और देखें किसी दो साल के बच्चे को किस प्रकार वो किसी वस्तु

को पाने की जिद् करता और अपना क्रोध प्रगट करता और या अपनी मां को पैन से मारता है। यदि हम अभी इन चीजों पर नही गौर करते तो हमारे बच्चे आखिर में हमारे प्रति और उस आसमानी बाप के प्रति इसी प्रकार का व्यवहार करते पाये जाते है। दूसरे शब्दों में वो आदर और सम्मान हमारे प्रति प्रभु के प्रति और सब के साथ भी जो कुछ उनके अधिकार में है। यह हम सब को समझना चाहिये कि शैतान यही सब करवाना चाहता हैं। वह दुनिया में इस प्रकार की कोशिशें करता है जैसे निरादर करना और लज्जित करना। यकीन रखिये कि वह चर्चो में भी चुपके से अपना रास्ता बना लेता है क्योंकि उसे मालूम है कि उसके ऐसा करने से हम अनाज्ञाकारी बन जाते है। आज्ञा का उल्लघंन करने से हम परमेश्वर की उस सामर्थ्य को अपने जीवन में से खो देते है। हमें एक बात की चौकसी करनी है कि हम उसकी सामर्थ्य पा लें।

"प्रचलित होने से आदर - सम्मान"

जब वे नाकोन के खलिहान तक आए, तब उज्जा ने अपने हाथ परमेश्वर के सन्दूंक की ओर बढ़ाकर उसे थाम लिया, क्योंकि बैलों ने ठोकर खाई। तब यहोवा का कोप उज्जा पर भड़क उठा और परमेश्वर ने उसके दोष के कारण उसको वहां ऐसा मारा, कि वह वहां परमेश्वर के सन्दूक के पास मर गया।

२शमूएल ६:६,७

पुराने नियम के इस अध्याय में हम देखते है कि दाऊद और उसके लोग उस वाचा के सन्दूक को वापस लें कर आ रहे है तो जैसे ही वे नाकोन के खलिहान तक आए बैलों के ठोकर खाने से हिलने लगा। उज्जा जो एक जवान लङका जो कि उस कार्ट को चला रहा था बढ़कर उसको थामने के

लिये लपका और सन्दूक को थामा और.... परमेश्वर ने उसके दोष के कारण उसको वहां ऐसा मारा, कि वह वहां परमेश्वर के सन्दूक के पास मर गया।

पत ७

हम अधयाय ३ और ४ में पढ़ सकते है कि परमेश्वर ने मूसा को एक विशेष रुप से चिताया है कि किस प्रकार इस सन्दुक को थामा जायें, और आगे तक बढ़ाया जायें छदं/पद्य ८ दाऊद के लिए कहता हैं कि दाऊद उस सन्दूक के कारण उज्जा कि हुयी मृत्यु के दुःख और पीडा से भर जाता है। वह यह नहीं समझ पा रहा था कि उज्जा सिर्फ़ सन्दूक को छूते ही क्यों मर गया।

१ शमूएल ७ में हम पढ़ते है कि जब वो सन्दूक पहले इस्त्राएल वापस लाया गया था फिलिप्पियों के द्वारा, तब वो अबीनादाब के घर पर रखा गया था, उज्जा के पिता के, कई सालों तक। मैं विश्वास करती हूं क्योंकि सन्दूक वहां इतने दिनों तक वहां रहने के कारण उज्जा के लिए वह एक साधारण सा स्थान हो गया था इसलिए वह उसको उस सम्मान से नहीं देखता था इस कारण उसे जरा भी भय नहीं था कि उसे नही छूना है। उस सन्दूक के प्रचलित होने के कारण उसके अन्दर उसके प्रति वो सम्मान नही था और इस कारण उसे अपनी जान गवानी पडी।

"समानता सामर्थ्य में कमी लाती हैं"

और उस ने उन के अविश्वास पर आश्चर्य किया और चारों ओर के गावों में उपदेश करता फिरा॥

मरकुस ६:४-६,

हमें चौकस रहना है कि हम चीजों के प्रति समानता न रखें क्योंकि एक

बार यदि हम उनके प्रति समानता रखने लगते है तब हम उसके प्रति वो इज्जत नहीं रख पाते जैसे कि हमें रखनी चाहिये।

यही सत्य प्रचलित लोगों के प्रति भी है। मैं जानती हूं कि बहुत से लोग ये नहीं समझ पाते कि जो आत्मिक अगुवे होते हैं वे क्यों नही दोस्त या साथी बन पाते है। कभी - कभी कुछ लोग अपने आत्मिक लोगों को इतने अच्छे से नहीं जान पाते और न ही लम्बे समय तक उनको उस स्थान पर देख पाते जिस पर कि उन्हें होना चाहिये। यह मनुष्य का स्वभाव है कि वह इच्छा अनुसार इस्तेमाल करने की वस्तुओं का मूल्य घटा देतें है।

मरकुस के छटे अध्याय में जब याशु मसीह अपने नाज़रत शहर में गया उन यहूदी लोगों के आराधनालयों में धार्मिक उपदेश देने के लिये गया तो कई बार लोगों ने उन पर अपना क्रोध जताया उन्होंने उसको मरियम का पुत्र कह कर पहचान करायी वे उसके भाई और बहन को जानते थे और उनमें उसकी समानता के कारण निरादर उसके प्रति उत्पन्न हो गया। परिणामस्वरुप जो उसकी सामर्थ्य उनको मदत करने के लिये थी वह कम हो गयी इस कारण वह बहुत कम लोगों को चंगा कर पाया।

कभी-कभी एक पुरोहित अपनी कलिसिया के किसी व्यक्ति के लिए प्रार्थना करता जाता है किन्तु कोई भी ऐसी अच्छी घटना उसके जीवन में नहीं घट पाती। परन्तु यदि कोई धार्मिक शिक्षक उस चर्च में आता और उसी व्यक्ति के लिये प्रार्थना करें तो वहीं व्यक्ति तुरन्त चंगाई को पा लेता है।

ऐसा क्यों हैं? क्या एक धर्म प्रचारक ज़्यादा अभिषिक्त और सामर्थी है पुरोहित से, नहीं, कारण यह है कि एक बीमार व्यक्ति उस धर्मप्रचारक को

भिन्न प्रकार से देखता है और उस प्रकार से अपने पुरोहित को नही देखता। वह अपने पुरोहित को हर हफ्ते देखता है और इसलिये वह एक पुराना पुरोहित बन जाता है। "सभी उससे प्रेम करते है और उसे समझते भी है वह एक महान प्रसन्नचित जन है। परन्तु वे वैसा विश्वास उस पर नहीं करते जितना कि जिनको वे नहीं जानते उन पर करते है। शायद इस कारण से भी कि उन्होंने उसे पहले कभी एक व्यक्तिगत रुप में देखा हो और थोड़ा क्रोधी पुरुष के सामान। इसलिए अचानक से वह इस बात को नहीं ग्रहण कर पाते कि वह एक हमेशा नियमित व्यक्ति है जैसा वो सब है।"

परन्तु वे लोग यह नहीं देख पाते कि वही सब चीजें वह व्यक्ति भी करता है चर्च आने से पहले।

"समानता आदर को कम करती है"

क्या यह वही बढ़ई नहीं, जो मरियम का पुत्र, और याकूब और युसुफ योसेस और यहूदा और शमौन का भाई हैं? और क्या उस की बहिनें यहां हमारे बीच में नहीं रहती? इसलिये उन्होंने उसके विषय में ठोकर खाई।

मरकुस ६:३

कई बार जब कोई व्यक्ति बच जाता है और जब अपने जीवन पर परमेश्वर की आवाज़ को सुनता है तब उसके परिवार के सदस्य और रिश्तेदार उस पुकार को नही ग्रहण कर पाते। क्या आप जानते है ऐसा क्यों है कारण यह है कि वह उससे बहुत ज्यादा परिचित है कि वो आदर जो उसे होना चाहिए वे नहीं पाते।

जैसा कि हमने उस लेखंश में देखा यह किसी के साथ भी हो सकता है

बाइबिल बताती है कि उसके अपने भाई उस पर विश्वास नही करते यूहन्ना ७:५

मेरे पास अभी कुछ ऐसे रिश्तेदार है जो मेरे प्रचार को नहीं मानते जैसा कि दूसरे करते है। कई बार लोगों ने मुझे बताया कि "तुम ज़रुर एक गर्म जोशीली हो परन्तु हम तुम्हे अच्छे से जानते है जब तुम....."

कई बार कुछ लोग हमारे बीते हुए समय को नहीं भूल पाते। परन्तु बाईबिल बताती है कि जब कोई यीशु मसीह में है, वह एक नयी सृष्टि है, पुरानी बातें जाती रही और देखो सब नई हो गयी

२ कुरिन्थयों ५:१७

हम बहुत ज्यादा प्रभु यीशु के नाम से परिचित होना नही चाहते और इस कारण बिना विचारों इधर-उधर छोड़ देते ये जाने बिना कि उससे कहीं ज़्यादा उसके नाम को बोलने में है। मुझे आपके विषय तो नहीं मालूम परन्तु जब मैं उस नाम को बोलती हूँ "यीशु" मैं सचमुच उस अभिषेक को महसूस करती हूँ अपने ऊपर जब मैं अपनी सभाओं में बोलती हूं लोग बच जाते हैं, चंगाई पाते है और पवित्र अत्मा से भर जाते है।

इस प्रकार के परिणाम हर किसी की सभाओं में नही हो पाते। इसलिये मेरे दिल की गहरायी से ये इच्छा है कि हर एक विश्वासी उस तेजस्वी नाम के प्रति आदर और सम्मान को रखें। जब हम ऐसा करते है तब हम अपने आप को उस सामर्थी नाम के योग्य पाते है - वो सामर्थ्य अपनी परिस्थितियों से निकलने की, अद्भुत शक्ति से दूसरे को प्रचार करने की।

“नाम और सम्बन्ध”

"नाम और सम्बन्ध"

और मनुष्य के रुप में प्रगट होकर अपने आप को दीन किया, और यहां तक आज्ञाकारी रहा, कि मृत्यु, हां, क्रूस की मृत्यु भी सह ली। इस कारण परमेश्वर ने उसको अति महान भी किया। और उसको वह नाम दिया जो सब नामों में श्रेष्ठ है। कि जो स्वर्ग में और पृथ्वी पर और जो पृथ्वी के नीचे है, वे सब यीशु के नाम पर घुटना टेकें। और परमेश्वर पिता की महिमा के लिये हर एक जीभ अंगीकार कर ले कि यीशु मसीह ही प्रभु है॥

फिलिप्पियों २:८-११

कैसे यीशु मसीह ने इस नाम को पाया जिसके विषय हम बात कर रहे थे और जिसका वर्णन सामर्थी रुप से इस भाग में किया गया है। वह नाम जो कि प्रकाशित है उस प्रभु के नाम के साथ शब्द उद्धारकर्ता (यूहन्ना १:१), परमेश्वर का मेमना (यूहन्ना १:२१) जीवन कि रोटी (यूहन्ना ६:३५) प्रभुओं का प्रभु और राजाओं का राजा?

(प्रकाशितवाक्य १७:१४)

उसे यह इसलिये प्राप्त हुआ कि वह आखरी वक्त तक आज्ञाकारी रहा। हम पहले ही आज्ञाकारिता के विषय बात कर चुके है, परन्तु यहां एक और विचार भी है उस नाम के साथ जो मैं आपको अब महसूस कराना चाहती हूं।

"आज्ञाकारिता और सम्बन्ध"

जैसा मसीह यीशु का स्वभाव था वैसा ही तुम्हारा भी स्वभाव हो। जिसने परमेश्वर के स्वरुप में होकर भी परमेश्वर के तुल्य होने को अपने वश

में रखने की वस्तु न समझा। वरन् अपने आपको ऐसा शून्य कर दिया, और दास का स्वरुप धारण किया, और मनुष्य की समानता में हो गया।

फिलिप्पियों २:५-७

इस भाग में यीशु मसीह से पहले प्रेरितों की आज्ञाकारिता का वर्णन किया है फिलिप्पियों २:८-११ में इस अध्याय के शुरु में वह अपने पिता के अधीन रह कर और उसके अनुसार चला।

यदि यीशु मसीह का नाम हमारे जीवन में एक सामर्थ्य पूर्ण परिणाम ला सकता है, तो हम सबसे पहले उससे रिश्ता जोडे जैसा कि स्वर्ग में उसका उसके पिता के साथ था। किसी के साथ सम्बन्ध स्थापित करने के लिये उसके साथ समय बिताने की आवश्यकता है। प्रभु से अधिक सम्बन्ध स्थापित करने के लिये हमें हर रोज समय बिताना और संगति रखना पडेगा। साधारण सी बात उससे प्रतिदिन बात करना, हर रोज उसके वचन को पढ़ना और अपने जीवन में उसका दखल होने देना। बिना किसी समर्पण के आपका एक सच्चा सम्बन्ध उससे स्थापित नही हो सका। वैसा ही समर्पण जैसा एक विवाह के समय किया जाता है। उसके नाम को इस्तेमाल करने के लिये हमें जरुरी है "शादी".

जिसकी दुल्हन है, वही दुल्हा है, परन्तु दुल्हा का मित्र जो खडा हुआ उस की सुनता है, दुल्हा के शब्द से बहुत हर्षित होता है, अब मेरा यह हर्ष पूरा हुआ है।

यूहन्ना ३:२६

बाईबिल में, प्रभु यीशु मसीह ने अपने आपको एक दुल्हे के रुप में और चर्च को एक दुल्हन के रुप में दर्शाया है। यदि शादी होनी है तो दुल्हे और दुल्हन का होना जरुरी है। एक विवाह अन्तिम समय तक के लिये एक दुल्हा

और दुल्हन के मध्य बनता है।

जब मेरा और देव मेयर के साथ का विवाह हुआ, मैंने उसका नाम पा लिया और श्रीमती देव मेयर बन गयी। और अब मेरे पास हर वो अधिकार है जो देव मेयर का नाम दर्शाता है। हमारे विवाह के पहले मेरे पास कुछ भी नही था। मेरे पास एक नयी कार हो गयी उसी क्षण जब हम पति पत्नी बन गये और वह कार मेरी हो गयी। हमारे विवाह के पहले मेरे ऊपर भारी कर्ज़े थे लेकिन जिस क्षण हमारा विवाह हो गया सारे कर्ज़े देव के हो गये। हर वह चीज़ जो हमारी व्यक्तिगत थी अब एक दूसरे की हो गयी क्योंकि हम एक दूसरे के साथ विवाहित बन्धन में बन्ध गये। ऐसा तब नही था जब हम एक दूसरे के साथ और वो कोई भी चीज जो नाम दर्शाती थी जब तक हमारा विवाह नही हो गया। इस तरह यीशु के साथ भी होना है हमें उसका नाम नहीं मिलता और न ही उसकी सामर्थ्य जो उसमें है जब तक कि हमारा विवाह उसके साथ नहीं हो जाता। समस्या यह है कि ज्यादातर मसीही लोग बस मिलना जुलना पसंद करते है। वो अपना जीवन अपनी तरह से जीना चाहते हैं, स्वतन्त्रता से वो अपना सब कुछ नही देना चाहते, वो अपने जीवन के कुछ भागों को अपने में ही पकडे रहना चाहते है। वो पूरी तरह से समर्पित होना नहीं चाहते जबकि वे किसी समस्या या विपत्ति में पडते है तब "हे यीशु मैं परेशानी में हूं, मैं तुमसे मिलना चाहता हूं। और। यीशु मुझे कुछ पैसों की आवश्यकता है, मैं तुमसे मिलना चाहता हूं, और। यीशु में बीमार हूं मैं तुमसे मिलना चाहता हूं वे इसी कारण उस नाम को पुकारते है या उन्हें पैसा मिल जाये या छुटकारा मिल जाये लेकिन वे पूरी तरह से और पूरे समय के लिये उसके नही बनना चाहते यीशु उस बात में रुचि नहीं रखता कि उससे हमारा मेल मिलाप क्षणिक भर का हो परन्तु वो हमसे हमेशा का रिश्ता चाहता है वो हमारी ऊँगली में रिश्ते के छल्ले

को पहिना कर हमसे विवाह करना चाहता है कि उसे हम पति के रुप में अपनायें। हमारे एकलौते प्रभु और मालिक के रुप में"

यशायाह ५४:५ देखें

समस्या यह है कि कई बार हम लोग इस प्रकार कि वाचा नहीं बान्धना चाहते। हम उसके नाम का प्रयोग करना चाहते है लेकिन हमें यह अनुभव करना है कि हम उसके नाम को तब तक प्रयोग न करें जब तक उसके साथ हमारा विवाह या एक गहरा बन्धन न जुड़ जाये। मुझे अपने साथ अपने पति के नाम का प्रयोग करने कि अनुमति नहीं थी जब तक कि मेरा विवाह उसके साथ नही हो गया। जब तक हम लोग केवल मिलते-जुलते थे हम उसके नाम का न हस्ताक्षर कर सकते थे और न ही उसके खाते से पैसे निकाल सकते थे। परन्तु जिस पल हमारा विवाह हुआ मैं उसके खाते से पैसा प्राप्त करने लगी क्योंकि जो कुछ उसका था वो मेरा था और जो मेरा था वह उसका। प्रभु यीशु मसीह ने काफी समय पहले मुझे बताया (आवाज़ के जरिये नही परन्तु मेरे हृदय में, यदि तुम मुझे अपनी हर वस्तु दे दोगे जो तुम्हारे पास है तो मैं तुम्हें हर वो वस्तु दूगां जो मेरे पास है। परन्तु तुम्हें मेरा बनने की आवश्यकता है। दूसरे शब्दों में वह चाहता है कि हम अपना पूरा ध्यान उसकी ओर कर लें, पूरी तरह से उसके पीछे हो लें, अपनी हर वो वस्तु उसे दे दें। क्यों? उसके साथ सम्बन्ध होने से ही सामर्थ्य आती है पूरी तरह से उसका बनने पर)।

सम्बन्ध रखना सामर्थ्य लाता है

परन्तु जितनों ने उसे ग्रहण किया, उस ने उन्हें, परमेश्वर के सन्तान होने का अधिकार दिया, अर्थात् उन्हें जो उसके नाम पर विश्वास रखते हैं।

यूहन्ना १:१२

मेरे जीवन में एक क्षमता है और वो हर समय बढ़ती है कि मैं परमेश्वर की हूं मेरा अभिप्राय क्या है, मैं अपनी नही हूं मैं जो चाहूं, या जैसा चाहूं या जैसा खर्च करना चाहूं, या जैसा चाहूं किसी के साथ व्यवहार कर लूं, जैसा चाहूं में अपने जीवन को व्यतीत करुं इन सब की अनुमति जब परमेश्वर चाहता है तब मैं करती हूं।

मैं उससे हर एक छोटी से छोटी वस्तुओं के लिए उसकी इच्छा जानने के लिये उसके पास नही जाती किन्तु इससे पहले कि मैं कुछ करुँ मुझे विश्वास है हमारी सहायक पवित्रआत्मा हमारी अगुवाई करती है। अपने जीवन के हर दिन की दिनचर्या में और उन सभी भारी स्थितियों में भी जो कभी-कभी आ जाती है, परन्तु जैसे ही मुझे परमेश्वर से यह संकेत मिलता है कि मैं जो कुछ भी करने जा रही हूं वह गलत है मैं तुरन्त अपने आप को रोक लेती हूं मैं ऐसा क्यों करती हूं? क्योंकि मुझे आदरपूर्ण भय होता है कि मैं परमेश्वर की उपस्थिति को न खो दूं। हां, मैं डरती हूं और डरती हूं, सही मायने से।

मैं परमेश्वर से नहीं डरती परन्तु इस बात से डरती हूं कि मुझे हजारों लोगों के सामने उस वचन को और प्रभु की सामर्थ्य को लाना है जो कि मेरा प्रतीक्षा कर रहे है। और मेरे पास से उस परमेश्वर की मौजूदगी और अभिषेक मेरे जीवन से खो न जोयें। यह भय देने वाला है और ऐसा ही होना चाहिये। यह मुझे प्रार्थना करने और आज्ञकारिता में दृढ़ बनाता है। ये मुझे टी.वी. बन्द करने देता जब मैं प्रभु के नाम को व्यर्थ में लेते हुए देखती और सुनती हूं।

मैंने प्रभु से एक वाचा बान्धी मैं उसकी हूं और परिणाम स्वरुप मैंने अनुभव किया उसकी सामर्थ्य को समय - समय पर जब मैं ने उसके नाम से प्रार्थना की, यह चौकाने वाली बात है कि बहुत से मसीही प्रभु से वाचा को

नहीं बान्धते और न ही उसकी सामर्थ्य को अपने जीवन में अनुभव करते। वे नही समझ पाते कि सम्बन्ध रखने से सामर्थ्य आती है। मैं एक कारण देती हूं क्यों वे वाचा नहीं बान्धना चाहते वो यह कि शब्द "वाचा" उन्हें कष्टदायक बना देता है। वो समझते है कि उन्हें कुछ देना पड़ेगा। सच में वे सब कुछ पा जायेंगे। देखें मत्ती १३:२३

यह न सोचें कि प्रभु चाहते है कि आप अटल रहें जब आप उसके हो जाते हैं तब आप उसमें विश्वास कर सकते है और अपनी मदत कर सकते है उससे वाचा बान्धने को बस ऐसा करें जो आप कर सकते है। प्रभु से वाचा बान्धना सिर्फ यह दो रास्तों में सहमती हैं। यदि हम सच्चा वायदा उस पर करतें है और उस ने भी यह वायदा किया कि वह हर समय तुम्हारे साथ है (देखें मत्ती २८:२०)

वह कैसे हमारे साथ है? ये कभी न भूले कि उसका नाम हमारे साथ है हर क्षण में एकान्त समय में हम बोलते है, और वो वहा उपस्थित होता है और जब हमें सहायता की आवश्यकता होती है तो वो हमारी रक्षा करता है। और उन सारी योजनाओं को जो उसने हमारे जीवन के लिए बनाई है पूरा करने का अधिकार देता है। उस महिमामय प्रभु यीशु मसीह के नाम में सामर्थ्य है। वो इच्छा करता है कि उस सामर्थ्य को इस्तेमाल करने में हमारी सहायता करें। चंगाई देता है, स्वाभाविक और निर्लज्जता में हमें आशीष देता।

मैं प्रार्थना करती हूं कि इसी क्षण से आप प्रतिज्ञा ले कि आप हर दिन उससे एक वाचा बान्धे और भविष्य में प्रभु यीशु की सामर्थ्य में चले - नामों में सबसे श्रेष्ठ नाम.

निष्कर्ष

और उन्हें बीच में खड़ा करके पूछने लगे, कि तुमने यह काम किस सामर्थ्य से और किस नाम से किया है? तब पतरस ने पवित्रआत्मा से परिपूर्ण होकर उनसे कहा। तो तुम सब और सारे इस्त्राएली लोग जान ले कि यीशु मसीह नासरी के नाम से जिसे तुम ने क्रूस पर चढ़ाया, और परमेश्वर ने मरे हुओं में से जिलाया, यह मनुष्य तुम्हारे सामने भला चंगा खड़ा है।

प्रेरितों के काम ४:७,८,१०

थोड़ा ही प्रभु यीशु मसीह की सामर्थ्य के लिये नहीं कहा जा सकता उसका नाम सबसे सामर्थी और वस्तुओं से पृथ्वी और आकाश से भी और हम विश्वासी होने के कारण हमें यह अधिकार दिया गया है कि हम उसके नाम को भी हर स्थितियों में इस्तेमाल कर सकते है। मैं नहीं सोचती इसमें कुछ भी दुःख की बात है परमेश्वर का बेटा प्रार्थनायें भी कर रहा है। और मसीही करते हैं और कोई भी सामर्थ्य न हो जीवन में अच्छे परिणाम के लिये।

प्रभु यीशु मसीह पृथ्वी पर इसलिए नहीं आया कि वो क्रूस पर मर गया और तीसरे दिन जी उठा ताकि हम कमज़ोर पड़ ज़ायें और घर जाये।

परन्तु वो इन सबसे इसलिये गुजरा कि उत्तराधिकारी ठहराये जाये। अधिकार हमारे जीवन पर और सामर्थ्य उन सभी परिस्थितियों पर राज्य करने की उसके नाम के द्वारा।

इस पुस्तक में, मेरे पास एक कुंजी है जो आप से बांट सकूं उस सामर्थ्य के विषय जो प्रभु यीशु मसीह ने मुझे दिखाया है।

आप उस सामर्थ्य को पा सकते हैं प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास ला कर, उसके नाम का आदर और सम्मान के साथ और उसके साथ सम्बन्ध रखने के द्वारा।

मुझे विश्वास है कि जैसे ही आप इन चीजों को अपने जीवन पर लागू करने लगेंगे तो अच्छी बातें होना शुरु हो जायेगी।

आपके लिये सामर्थ्य उपलब्ध है आपसे मिलने के लिए और हर ज़रुरत को पूरा करने के लिए।

जैसे ही आप उस नाम को इस्तेमाल करने के अधिकार को समझ कर रोज़मर्रा के जीवन में लागू करते हैं उन ज़रुरतों के लिए, आप उसमें बदलाव देखेंगे उस सामर्थी प्रभु यीशु मसीह के नाम के द्वारा - नामों में सबसे श्रेष्ठ नाम।

प्रभु यीशु के साथ व्यक्तिगत रिश्ता पाने के लिए प्रार्थना।

यदि आपने कभी भी प्रभु यीशु मसीह को अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता नहीं माना है, तो अभी आप मानने के लिए मै आप से विनती करती हूँ। निम्नलिखित रूप में प्रार्थना कीजिए यदि आप सच्चे हृदय से करेंगे तो आपके जीवन में एक नये जीवन का एहसास होगा।

पिताजी,

आपने जगत से इतना प्रेम रखा कि आपने अपना इकलौता पुत्र दे दिया। हमारे पापों के लिए जान देने के लिए ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे वह नाश न हो परन्तु अनन्त जीवन पाये।

आपका वचन कहता है कि हम अनुग्रह के द्वारा विश्वास के कारण बचाए गए हैं जो कि एक भेंट है। उद्धार पाने के लिए हमारे पास कोई मार्ग नहीं है।

मैं विश्वास करता हूँ और अपने मुँह से मानता हूँ कि यीशु मसीह आपका बेटा है और इस जगत का उद्धारकर्ता है। मैं विश्वास करता हूँ कि वह मेरे लिए और मेरे पापों के क्रयदल के लिए सूली पर मारा गया। मैं विश्वास करता हूँ कि आपने, यीशु मसीह को मृत्यु में से जीवित किया और उठाया।

मैं आपसे मेरे पाप क्षमा करने के लिए निवेदन करता हूँ। मैं यीशु को अपना प्रभु मानता हूँ। आपके वचन के अनुसार मैं बचाया गया हूँ और हमेशा के लिए आपके साथ रहूँगा।

धन्यवाद पिताजी मैं आपका आभारी हूँ।

मसीह यीशु के नाम में माँगता हूँ। आमीन

और जानकरी के लिए कृपया पढ़े यहून्ना ३:१६, इफिसियो २:८,९, रोमियो १०:१,१०, १कुरिन्थयों १५:३,४, १ यूहन्ना १:९, ४:१४-१६, ५:१, १२,१३.

लेखिका का परिचय

जॉयस् मेयर १९७६ से परमेश्वर के वचन सिखा रही है और सम्पूर्ण सेवकाई में १९८० से है। १९९३ मे "लाइफ इन दि वर्ड" शरू किया। जायॅस का रेड़ियो और टी.वी. कार्यक्रम सारे विश्व भर में अब "एनजायिंग ऐवरीडे लाइफ" नाम से, २५० से भी अधिक स्टेशनों में सारे अमेरिका और अन्य अन्तर्राष्ट्रय देशों में प्रसारित किया जाता है। उनके उपदेशात्मक टेपों का कई देशों में आनंद लिया जाता है। जायस् का विश्वास है कि उनका दर्शन विशवासियों को परमेश्वर के वचन में स्थिर करना है।

जॉयस ने मानसिक चंगाई जैसे विषयो के बारे में देश भर में कई सभाओं मे सिखाया है, जिस कारण हजारों लोगों को लाभ हुआ है। उन्होने २२० कैसेट अलबमों को रिकार्ड किया है और ५४ से अधिक पुस्तकों की रचना की है। जिसमे प्रमुख है "बैटल फिल्ड आफ दि मायण्ड", "द जायॅ आफ बिलिविंग प्रेयर" और "सिक्रेटस टु एक्सेपशन्ल लिविंग"।

वे काफी घूमती और यात्रा करती है और हर जगह "लाइफ इन दि वर्ड" सभाओं और कलिसियाओं में वचन सिखाती है।

जायॅस और उनके पति डेव् जो कि "लाइफ इन दि वर्ड" के कार्य-प्रबन्धकर्ता है, उनका विवाहित जीवन ३१ साल का है और उनके चार बच्चे है। वे सेंट लूई, मिसौरी में रहते हैं।